संख्या-293/2015/4618/नौ-5-2015-171बजट/2015

प्रेषक,

रंग बहादुर सिंह,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

नगर आयुक्त,
नगर निगम,
मुरादाबाद।

नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊः: दिनांक 1 सितम्बर ~~अगस्त~~, 2015

विषयः- वित्तीय वर्ष 2015-16 में 'नगरीय सड़क सुधार योजना' अन्तर्गत धनराशि की स्वीकृति।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या पी.ए.2/म.अभि./न.नि.मु./2015-16 दिनांक जून 2015 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि 'नगरीय सड़क सुधार योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 में नगर निगम, मुरादाबाद द्वारा उपलब्ध कराये गये आगणन में प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष कुल रू. 400.00 लाख की **प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा** उसके **सापेक्ष प्रथम किश्त के रूप में कुल धनराशि रू. 100.00 लाख (रू. एक करोड मात्र)** की धनराशि अवमुक्त किये जाने पर श्री राज्यपाल निम्नलिखित विवरण एवं शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैः-

(धनराशि लाख रू. में)

जनपद/ निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रस्तावित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5
नगर निगम, मुरादाबाद	1. जयन्तीपुर रोड स्वीमिंग पुल से साबिर की फर्म तक हाटमिक्स एवं सी.सी.टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.80		
	2. वार्ड नं. 12 लाकड़ी फाजलपुर रोड (मिनी बाईपास) मेनरोड से प्राइमरी स्कूल तक सड़क एवं नाली निर्माण कार्य।	39.50		
	3. वार्ड नं. 38 जयन्तीपुर मुख्य सड़क के अवशेष भाग दुर्गा होटल से शिवमूर्ति तक नाली/सड़क सुधार कार्य।	39.20		
	4. वार्ड नं. 6 नवीन नगर में मानसरोवर इं0 कालेज के पास वाले पार्क से चन्द्रपाल की दुकान के सामने तक, डा0 बी0आर0ए0स्कूल वाली गली होते हुए सब्जी मण्डी वाली गली का सी.सी.टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.26		
	5. वार्ड नं. 7 आशियाना में 24 मीटर डोग क्लीनिक होते हुए आर0आर0के0 स्कूल तक हाटमिंक्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.30		
	6. वार्ड नं. 19 हनुमानमूर्ति के पास भूरे भाई के मकान से जबर सिंह के मकान होते हुए श्रीराम के मकान तक, राकेश के मकान से सूरज के मकान तक एवं छोटी-छोटी गलियों में सी.सी.टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.95		

जनपद/ निकाय का नाम	प्रस्तावित कार्य	आगणन में प्रस्तावित धनराशि	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति	प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति के सापेक्ष अवमुक्त धनराशि
1	2	3	4	5
	7. बंगला गॉव चौराहे से सफाई गोदाम तक सी.सी.टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.50		
	8. वार्ड नं. 2 नया गॉव मुख्य मार्ग संजीव के मकान से पण्डित जी के मकान के पास तक नाली/सड़क सुधार कार्य।	39.50		
	9. मण्डी समिति के पीछे वाला जी स्वीट्स से फाजलपुर को जाने वाले मार्ग का निर्माण कार्य	39.98		
	10. वार्ड नं. 67 मौ0 कचोधन में अब्दुल हफीज से शरीफ अहमद मरहूम सलीम से गामा हसनैन से यूसुफ हामिद से रूखसार असलम से सलीम आदि गलियों में सड़क/नाली सुधार कार्य	39.50		
	11. वार्ड नं. 3 पण्डित नगला तेज सिंह के मकान से महावीर के मकान तक, आनन्द पाल से गुलाब ओम सिंह से रामसिंह के मकान तक एवं छोटी-छोटी सड़कों का सी.सी. टाइल्स द्वारा सड़क सुधार कार्य।	39.50		
	योग	434.99	400.00	100.00

(रू. एक करोड मात्र)

1. स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु निकाय द्वारा प्रस्तुत बिल संबंधित जनपद के मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/सक्षम अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जायेगा, जिसे संबंधित जनपद के मुख्य कोषाधिकारी/कोषाधिकारी द्वारा नगर निगम, मुरादाबाद के खाते में सीधे जमा किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त आहरित धनराशि किसी अन्य बैंक/डाकघर/पी.एल.ए./डिपाजिट खाते में नहीं रखी जायेगी। यह कार्यवाही शीर्ष प्राथमिकता पर सम्पादित की जायेगी तथा निकाय द्वारा बीजक प्रस्तुत किये जाने की तिथि से तीन दिवस के अन्दर धनराशि निकाय के खाते में अन्तरित कर दी जायेगी।
2. स्वीकृत धनराशि निर्धारित अवधि में उन्हीं कार्यो पर व्यय की जायेगी, जिसके लिए स्वीकृत की गयी है।
3. योजनान्तर्गत शासनादेश संख्या-2087/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 07 जून, 2013 तथा शासनादेश संख्या-3747/नौ-5-2013-120बजट/2013 दिनांक 10 सितम्बर, 2013 द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों का अनुपालन कराया जायेगा।
4. प्रश्नगत कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व प्रायोजना पर सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाय तथा सक्षम स्तर से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त होने के पश्चात ही कार्य प्रारम्भ किया जाय।
5. कार्य की विशिष्टियां, मानक व गुणवत्ता की जिम्मेदारी संबंधित निकाय की होगी तथा निकाय द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि कार्य निर्धारित समय सीमा अवधि में ही पूर्ण हो जाय।
6. स्वीकृत धनराशि का व्यय वित्तीय हस्तपुस्तिका के सुसंगत प्राविधानों/समय-समय पर शासन द्वारा निर्गत शासनादेशों के अनुरूप किया जायेगा।
7. प्रश्नगत धनराशि जिस कार्य/मद में स्वीकृत की जा रही, उसका व्यय प्रत्येक दशा में उसी कार्य/मद में किया जाय। सामग्री/ उपकरणों का क्रय वित्तीय नियमों के अनुसार किया जायेगा।

8. स्वीकृत किये जा रहे कार्य की वर्तमान तथा भविष्य में अन्य योजनाओं/कार्यक्रमों में पुनरावृत्ति नहीं की जायेगी। यह भी सुनिश्चत किया जायेगा कि इस कार्य हेतु पूर्व में किसी अन्य स्रोतों से धनराशि स्वीकृत नहीं की गयी है तथा न ही यह कार्य किसी अन्य योजना में सम्मिलित है।
9. कार्यस्थल पर राज्य स्तरीय टास्क फोर्स द्वारा नियत **'डिस्पले बोर्ड'** पर कार्य का पूर्ण विवरण, कार्यदायी संस्था, कार्य प्रारम्भ होने की संभावित तिथि आदि का उल्लेख किया जायेगा।
10. व्यय की गयी धनराशि का उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन तथा महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद को दिनांक 31-03-2016 तक भेजा जाना अनिवार्य होगा।
11. वित्तीय मामलों में संबंधित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन वित्त नियंत्रक/मुख्य/वरिष्ठ/ लेखाधिकारी अथवा सहायक लेखाधिकारी, जैसी भी स्थिति हो, सुनिश्चत करेंगे। यदि निर्धारित शर्तो का किसी प्रकार का विचलन हो, तो संबंधित वित्त नियंत्रक का दायित्व होगा कि उनके द्वारा मामले की सूचना पूर्ण विवरण सहित वित्त विभाग को दे दी जाय।

2. स्वीकृत की गयी धनराशि का व्यय वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत स्वीकृत धनराशि का व्यय आयोजनागत **लेखाशीर्षक '2217-शहरी विकास-80-सामान्य-191-नगर निगमों को सहायता-04-उ.प्र. व्यापार विकास निधि से व्यय-0401-नगरीय सड़क सुधार योजना-35-पूंजीगत परिसम्पतियों के सृजन हेतु अनुदान'** के नामे डाला जायेगा।

3. यह आदेश वित्त विभाग के शासनादेश संख्या-2/2015/बी-1-2-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 के तहत प्रशासकीय विभागों को प्रदत्त अधिकारों के अधीन निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीय,
(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।

संख्या-293/2015/4618(1)/नौ-5-2015-171बजट/2015, तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. महालेखाकार, उ.प्र. इलाहाबाद।
2. मण्डलायुक्त, मुरादाबाद।
3. जिलाधिकारी, मुरादाबाद।
4. कोषाधिकारी, मुरादाबाद।
5. महापौर, नगर निगम, मुरादाबाद।
6. निदेशक, स्थानीय निकाय, उत्तर प्रदेश लखनऊ।
7. निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद।
8. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8/वित्त आय-व्ययक(अनुभाग-1/2)
9. गार्ड फाईल/कम्प्यूटर सेल/सुपर यूजर, नगर विकास विभाग, उ.प्र. शासन।

आज्ञा से,
(रंग बहादुर सिंह)
उप सचिव।

Allotment Grid Report

वित्तीय वर्ष:-2015-2016

आवंटन दिनांक-01/09/2015

प्रेषण संख्या:- 293

आवंटन आदेश संख्या:- 001-293-2015-4618-9-5-2015-171B-15

अनुदान संख्या:- 37 नगर विकास विभाग(वित्तीय वर्ष 2015-2016 का आवंटन)

लेखाशीर्षक:- 2217 - शहरी विकास(आयोजनागत-मतदेय)

80 - सामान्य

191 - नगर निगमों को सहायता

04 - उत्तर प्रदेश व्यापार विकास निधि से व्यय

01 - नगरीय सड़क सुधार योजना

(धनराशि रु. में)

S.No.	अधिकारी/जनपद का नाम		35-पूँजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	योग
1	मुरादाबाद-4183-जिलाधिकारी , --01--	वर्तमान प्रगामी	10000000 10000000	10000000 10000000
	योग	वर्तमान प्रगामी	10000000 10000000	10000000 10000000

महायोग- (वर्तमान आवंटन):- रूपया एक करोड़

महायोग- (प्रगामी आवंटन):- रूपया एक करोड़

(उमा शंकर सिंह)

विशेष कार्याधिकारी